जनपद बाराबंकी

प्रेसनोट सं0-12, **दिनांक-01.04.2025**

स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केवाड़ी के पास हुई घटना का 48 घण्टे के अन्दर अनावरण कर 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी रिवाल्वर मय दो अदद जिंदा कारतूस .32 बोर व एक अदद कार (थार) बरामद-

दिनांक 30.03.2025 को सूचना मिली थी कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केवाड़ी के पास थार चालक व टेम्पो चालक के मध्य ओवरटेकिंग करने को लेकर कहा-सुनी होने लगी उसी समय मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पीछे से आकर बीच-बचाव कराते समय थार चालक द्वारा पिस्टल निकाल कर फायर कर दिया गया, जिससे मोटरसाइकिल सवार के कमर में गोली लग गई। घायल मोटरसाइकिल चालक को उपचार हेतु जिला अस्पताल बाराबंकी ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान सुमित ओझा पुत्र उमेश ओझा निवासी फतेहगंज थाना नाका कमिश्नरेट लखनऊ के रूप में हुई थी। मृतक के भाई/वादी राहुल कुमार ओझा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 319/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा थार चालक(अभियुक्त) की पहचान/गिरफ्तारी हेतु सीसीटीवी व अन्य स्थानीय लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही थी। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, डिजिटल डेटा व सीसीटीवी की मदद से घटना का अनावरण कर सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 1. सत्येन्द्र गोस्वामी पुत्र सुखदेव निवासी सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 2. अनूप गोस्वामी पुत्र सूर्यपाल प्रसाद निवासी कुम्हड़ौर थाना करनैलगंज जनपद गोंडा को आज दिनांक 01.04.2025 को ग्राम भुइहारा, रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी रिवाल्वर मय दो अदद जिंदा कारतूस .32 बोर एवं एक अदद कार (थार) बरामद किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि मृतक की मोटर साइकिल में पिकप द्वारा साइड से टक्कर मार दी गयी जिस कारण मोटर साइकिल, पीछे से आ रही थार से टकरा गयी और थार में स्क्रेच आ गई। इसी बात को लेकर मोटर साइकिल चालक/मृतक व थार चालक के बीच कहा-सुनी हो गयी। इसी दौरान थार चालक के रिश्तेदार अनूप गोस्वामी उपरोक्त द्वारा अपनी रिवाल्वर से मृतक को गोली मार दी एवं घटनास्थल से भाग गये।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. सत्येन्द्र गोस्वामी पुत्र सुखदेव निवासी सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. अनूप गोस्वामी पुत्र सूर्यपाल प्रसाद निवासी कुम्हड़ौर थाना करनैलगंज जनपद गोंडा

बरामदगी-

1. एक अदद देशी रिवाल्वर .32 बोर
2. दो अदद जिंदा कारतूस .32 बोर
3. एक अदद कार (थार)

पुलिस टीम-

स्वाट टीम-

1. निरीक्षक श्री ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री संजीव प्रकाश सिंह
3. उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
4. उ0नि0 श्री अजीज़ुल हसन
5. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़
6. हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव,
7. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
8. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

सर्विलांस टीम-

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
2. उ0नि0 श्री रामाधार पटेल
3. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
4. हे0का0 मजहर अहमद, 5. हे0का0 चन्द्रभान,
5. हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार

थाना कोतवाली नगर-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमित प्रताप सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री पप्पू यादव थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 जय शंकर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
4. का0 मनमोहन यादव थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी
5. का0 अजय कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी